तापमान
अधिकतम 29 .0 डिग्री
न्यूनतम 13 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, गुरुवार, 6 नवंबर 2025

11 गुरु ने भेदभाव न करने का दिया उपदेश



11 बच्चों को दी ग्राहक जागरूकता-जिम्मेदारी की सीख



# शवगृह के पास स्थित शौचालय-कर्मचारी यूनियन के भवन की जगह बनाए जाएंगे फायर सेफ्टी सिस्टम के लिए दो टैंक

*अस्पताल प्रशासन ने भवनों को कंडम घोषित करने के लिए लिखा पत्र*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में फायर सेफ्टी को लेकर कोई कोर कसर नही छोड़ी जा रही है। इस समय पुरानी बिल्डिंग को नया रूप दिया गया है। अस्पताल की इसी पुरानी बिल्डिंग में लगाए जा रहे फायर सेफ्टी सिस्टम के लिए टैंक बनाने की अस्पताल प्रशासन को जगह मिल गई है। योजना के अनुसार शवगृह के पास स्थित शौचालय व कर्मचारी यूनियन के खंडहर हो चुके भवन की जगह दो पानी के टैंक बनाए जाएंगे। दोनों भवन को कंडम घोषित करने के लिए पीडब्ल्यूडी को पत्र लिखा है। पानी की व्यवस्था होने के बाद ही अस्पताल को फायर सेफ्टी के लिए एनओसी मिल पाएगी।

### पुरानी बिल्डिंग में फायर सेफ्टी थी सिलेंडरों के सहारे

नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में फायर सेफ्टी का कोई भी उपकरण नहीं था। ऐसे में यदि यहां कोई आगजनी की घटना हो जाए तो बचाव के कोई उपाय नहीं थे। केवल सिलेंडर ही जगह-जगह लगाए गए थे। अब 14 करोड़ 90 लाख रुपये से नागरिक अस्पताल की बिल्डिंग के जीर्णोद्धार का कार्य जारी है। इसी के तहत नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में फायर सेफ्टी उपकरण लगाए जा रहे हैं। फायर सेफ्टी सिस्टम के लिए भारी मात्रा में पानी की जरूरत होगी। इसके लिए पीडब्ल्यूडी ने अस्पताल प्रशासन से पानी के दो बड़े टैंक बनाने के लिए जगह की मांग की थी। काफी प्रयास के बाद ही अस्पताल प्रशासन ने एक जगह को चिन्हित किया है। यहां शवगृह के पास काफी पुराना कर्मचारी यूनियन का भवन है, जो खंडहर हो चुका है। इसके अलावा इसके साथ ही शौचालय बनाया गया है, जो जर्जर हालत में हैं। इसलिए अस्पताल प्रशासन अब इन दोनों की जगह पानी के टैंक बनाने की योजना बना रहा है। इन दोनों भवनों को कंडम घोषित करवाने के लिए अस्पताल प्रशासन ने पीडब्ल्यूडी को पत्र लिखा है।



जींद। शव गृह के पास बना शौचालय, जिसे फायर सेफ्टी टैंक के लिए चिन्हित किया गया है।

### दोनों की जगह पानी के टैंक बनाए जाने की योजना



नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी (पीएमओ) डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि शव गृह के पास बने शौचालय व कर्मचारी यूनियन भवन का प्रयोग नही हो रहा है। इन दोनों की जगह पानी के टैंक बनाए जाने की योजना है। दोनों भवनों को कंडम घोषित करने के लिए पीडब्ल्यूडी को पत्र लिखा है। फायर सेफ्टी सिस्टम के लिए दो पानी के टैंक बनाए जाने हैं। इसके लिए यह जगह उपयुक्त है।

## खबर संक्षेप

### फर्जी पते पर पासपोर्ट बनवाने का आरोपी काबू

**जींद।** अलेवा पुलिस ने फर्जी पते पर पासपोर्ट बनवाने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। स्पैशल टास्क फोर्स के अनुसंधान अधिकारी ने गत 28 मई को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि गांव नगूरां निवासी राकेश उर्फ मिट्ठा के खिलाफ हत्या समेत कई अपराधिक मामले दर्ज हैं। जांच में सामने आया कि राकेश ने मूल पता छुपाते फर्जी दस्तावेजों के आधार पर पासपोर्ट बनवाया हुआ है।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक घायल

**कैथल।** जिले के गांव शिमला में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। वार्ड नंबर 8 कलायत के सन्नी ने कलायत थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 17 अक्टूबर को जब उसका ताऊ प्रेम सिंह गांव शिमला से जा रहा था।

### अवैध असलहा के साथ एक काबू, पूछताछ जारी

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने जयंती देवी मंदिर के निकट एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ कर्मी जयंती देवी मंदिर के निकट गशत कर रहे थे। उसी दौरान युवक पुलिसकर्मियों को देख कर भागने लगा। कर्मियों ने पीछा कर युवक को काबू कर लिया।

### वाहन की चपेट में आने से बाइक चालक की मौत

**कैथल।** जिले के गांव सिरटा में बाइक पर सवार जा रहे दो किशोरों को अज्ञात वाहन के ड्राइवर ने टक्कर मार दी, जिससे एक किशोर की मौके पर मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। अस्पताल ले जाया गया। हादसा सोमवार देर रात को हुआ जब दोनों किशोर अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर गांव के मुख्य रोड की तरफ गए थे।

### जमीन पर कब्जे का प्रयास, हवाई फायरिंग

**जींद।** गांव सिवानामाल में जमीन विवाद के चलते हवाई फायरिंग करने, जमीन पर कब्जा करने की कोशिश करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने दस लोगों का नामजद कर दस अन्य के खिलाफ शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पिल्लूखेड़ा निवासी अंजलि ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी गांव सिवानामाल में 21 एकड़ कृषि योग्य जमीन है।

### मारपीट में एक व्यक्ति घायल, शिकायत दर्ज

**कैथल।** कलायत के मटौर रोड पर हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। सीता नगर के वीरेंद्र ने थाना पुलिस को शिकायत में बताया कि 2 नवंबर को 5:30 बजे जब कलायत से मटौर रोड पर जा रहा था तो मनदीप व अन्य युवक ने उसका रास्ता रोकते उस पर डंडों व गंडासियों से मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया।

### गाड़ी से 15 हजार रुपये की नकदी गायब, केस

**जींद।** नरवाना में गाड़ी से नगदी गायब होने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। चौसाला निवासी राहुल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कार्यवश नरवाना आया हुआ था। कुछ समय के लिए वह गाड़ी को छोड़ कर कार्यवश चला गया था।

### पत्नी समेत चार पर हत्या का मामला दर्ज

**जींद।** गांव कारखाना में लगभग एक माह पहले हुई व्यक्ति की संदिग्ध मौत के मामले मे सदर थाना सफीदों पुलिस ने मृतक की पत्नी समेत चार लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है।

क्या है मामला कारखाना निवासी रूबल गत पांच अक्टूबर को अपने घर में संदिग्ध बेसुध हालात में पडा मिला था।



# टैंकर की चपेट में आने से बाइक चालक की जान गई

*नेशनल हाईवे पर हुई सड़क दुर्घटना, पत्नी गंभीर घायल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

जींद-पटियाला नेशनल हाइवे पर सिरसा ब्रांच नहर के नजदीक स्थित ओवरब्रिज के नीचे बीती रात सड़क दुर्घटना में एक ट्रक टैंकर ने बाइक सवार दंपत्ति को कुचल डाला। इस दुर्घटना में बाइक पर सवार एक की मौत हो गई जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे तुरंत नागरिक अस्पताल नरवाना पहुंचाया गया। जहां से उसकी गंभीर अवस्था को देखते हुए उसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार हिसार जिले के खेड़ी गांव का रहने वाला नरेश अपनी पत्नी रिंकू के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर नरवाना से मटोर गांव की ओर जा रहा था कि जींद-पटियाला नेशनल हाईवे पर ओवरब्रिज के नीचे अचानक एक तेल वाले ट्रक टैंकर ने मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में लेकर टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल टैंकर के नीचे घुस गया और मोटरसाइकिल पर सवार नरेश व उसकी पत्नी रिंकू टैंकर के नीचे कुचले जाने से गंभीर रूप से घायल हो गए। टैंकर चालक दुर्घटना के बाद टैंकर को मौके पर छोड़ कर फरार हो गया। दोनों घायलों को तुरंत नागरिक अस्पताल नरवाना पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने नरेश को मृत घोषित कर दिया।

### मामला दर्ज

घटना की सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बुधवार सुबह मृतक के शव का पोस्टमार्टम नागरिक अस्पताल नरवाना में करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मृतक के भाई संदीप की शिकायत पर टैंकर के अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू की है।

*ब्लाइंड अध्यापक हत्याकांड का आरोपित छोटा भाई निकला*

# पहले बेरहमी से मारा, फिर कमरे में शव डाल आग लगा जलाया

*अध्यापक की जिंदा जल कर संदिग्ध मौत बनी थी रहस्य*

**अंदरूनी रंजिश पाले था आरोपित छोटा भाई, दो दिन के रिमांड पर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव अमरहेड़ी में लगभग सवा माह पहले अध्यापक की हत्या किसी और ने नही बल्कि उसके छोटे भाई ने की थी। आरोपित अंदरूनी रजिश पाले हुए था। जिसके के चलते पहले बेरहमी से हत्या की गई और फिर सबूतों को नष्ट करने के लिए शव को घर में डाल कर आग लगा दी थी। सदर थाना पुलिस ने अध्यापक के ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी को सुलझाते हुए आरोपित छोटे भाई को गिरफ्तार कर अदालत से दो दिन के रिमांड पर लिया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपित से हत्या में शामिल अन्य लोगों, वारदात में प्रयोग वाहन समेत अन्य तथ्यों को जुटाएगी। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।



जींद। पुलिस गिरफ्त में आरोपित। फोटो :हरिभूमि

### आरोपी से पूछताछ जारी

सदर थाना प्रभारी बलजीत सिंह ने बताया कि अंदरूनी रजिश के चलते छोटे भाई ने ही अपने अध्यापक भाई की हत्या की थी। आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत से दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

### स्वीकार किया

अंदरूनी थी रंजिश, बेरहमी से मारा, फिर आग लगा जला डाला पुलिस ने जांच को आगे बढाया तो मृतक के छोटे भाई राजेश उर्फ कोकन का नाम सामने आया। पुलिस ने राजेश का काबू कर पूछताछ की तो उसने स्वीकार किया कि अंदरूनी रंजिश के चलते राजकुमार की हत्या की गई थी। घटना वाली रात को उन्होंने घर में घुस कर राजकुमार पर डंडे से वार किया। जिससे वह बेसुध हो गया। फिर उसे गाड़ी में डाल कर एकांत में ले गए। जहां पर उसे बेरहमी से डंडों से पीटा गया। उसी दौरान राजकुमार की मौत हो गई। जिस पर शव का गाड़ी में डाल कर उसके घर लाया गया। सबूत नष्ट करने के लिए शव को कमरे में डाल आग लगा दी ताकि लोगों को राजकुमार की मौत पर संदेह न हो।

### क्या था मामला

मूलतः गांव जैजैवंती हाल आबाद गांव अमरहेड़ी निवासी राजकुमार 47 की गत 20 सितंबर को राजकुमार की अपने मकान में संदिग्ध हालात के चलते जिंदा जलने से मौत हो गई थी। घटना वाली रात मृतक की पत्नी सुनीता भिवानी अस्पताल में अपनी ड्यूटी पर गई थी। बेटी परीक्षा की कोचिंग के लिए दिल्ली गई थी। बेटा हिमांशु अपने चाचा के पास रोहतक गया हुआ था। परिजनों ने राजकुमार की मौत पर संदेह जताया था। जिस पर पुलिस ने मृतक के बेटे हिमांशु की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या कर शव को खुर्दबुर्द करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया था। गत 20 सितंबर को राजकुमार की मकान में संदिग्ध हालात के चलते जिंदा जलने से मौत हो गई थी।

### अक्टूबर में पुलिस ने 6746 वाहनों के काटे चालान

**कैथल।** ट्रैफिक एसएचओ इंस्पेक्टर नरेश की अगुवाई में ट्रैफिक पुलिस की टीम बनाकर ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करने वालों के चालान काटे जा रहे है तथा साथ साथ आमजन को ट्रैफिक नियमों की पालना करने बारे भी जागरूक किया जा रहा है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसपी उपासना के आदेशानुसार जिला पुलिस ने बुलेट से पटाखे की आवाज निकालकर क्षेत्र में दहशत पैदा करने वाले तथा मॉडिफाइड साइलेंसर युक्त बुलेट पर विशेष तौर पर पैनी नजर रखी जा रही है। प्रवक्ता ने बताया कि अक्टूबर के दौरान यातायात पुलिस ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करने वालों से काफी सख्ती से पेश आई। माह के दौरान यातायात पुलिस द्वारा ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करने के मामले में 69 इम्पाउंड व्हीकलों सहित कुल 6746 चालान किए।

# शादी का दबाव बनाने से खफा युवती ने जहर निगल मौत को लगाया गले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

*दबाव बनाने वाले युवक समेत तीन के खिलाफ मामला दर्ज*

गांव सफाखेडी की एक युवती ने शादी का दबाव बनाने से परेशान होकर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। उचाना थाना पुलिस ने मृतका की ताई की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव सफाखेड़ी निवासी एक 19 वर्षीय युवती ने गत दो नवंबर को संदिग्ध हालात के चलते जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिसे गंभीर हालात में पीजीआई रोहतक ले जाया गया। जहां पर उपचार के दौरान बीती रात मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर उचाना थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतका की ताई सुनीता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी भतीजी को गांव जांडली खुर्द निवासी विक्की परेशान करता था। विक्की को समझाया भी गया था। बावजूद इसके विक्की ने उसे परेशान रखना जारी रखा। जिसको लेकर विक्की के पिता दलबीर को भी अवगत करवाया था। गांव के ही मनीष ने आरोपितों का साथ दिया। अब विक्की उसकी भतीजी पर शादी के लिए दबाव डाल रहा था। जिससे परेशान होकर उसकी भतीजी ने जहरीला पदार्थ निगल कर आत्महत्या कर ली। उचाना थाना पुलिस ने सुनीता की शिकायत पर विक्की, दलबीर तथा मनीष के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उचाना थाना के जांच अधिकारी सुखविंद्र सिंह ने बताया कि मृतका के परिजनों ने आरोप लगाते शिकायत दी थी। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# पबनावा में विवाहिता ने फंदा लगाकर दी जान

*करीब छह माह पूर्व किया था प्रेम विवाह*

हरिभूमि नयूज ▶▶| कैथल

गांव पबनावा में एक 22 वर्षीय विवाहिता ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जिस समय विवाहिता ने पंखे से फांसी का फंदा लगाया, उस समय वह घर पर अकेली थी। परिवार के अन्य सदस्य अपने अपने काम से बाहर गए हुए थे। पड़ोस के लोग जैसे ही घर पर पहुंचे और उन्होंने विवाहिता को फांसी के फंदे पर लटका देखा, तो तुरंत पुलिस व परिजनों को सूचना दी और उसे फंदे से उतरावाया। वहीं मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए शहर के सामान्य अस्पताल में भिजवाया और जांच शुरू कर दी है। ढांड थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि विवाहिता की शादी करीब 6 महीने पहले गांव पबनावा में हुई थी। उसने पबनावा के योगेश के साथ शादी की। वह यूपी के कुशीनगर की रहने वाली है और प्रेम विवाह किया था। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं लग पाया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### गली में भरे पानी से राहगीर हुए परेशान

**उचाना।** उचाना शहर की सबसे पुरानी राजेंद्र कालोनी में सतसंग भवन के पास मंगलवार शाम को हुई थोड़ी देर बारिश के बाद ही जलभराव गली में हो गया। यहां पर गली का लेबल मेन गली से नीचे होने के चलते जलभराव थोड़ी देर होने वाली बारिश में हो जाता है। ये रास्ता कालोनी में आने-जाने वाला प्रमुख रास्ता है। यहां से आने.जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। राहगीरोंए कालोनी के लोग कई बार गली निर्माण की मांग करते आए है। मनोज, सुशील, मुकेश ने कहा कि गली के निर्माण की कई बार मांग कर चुके है। गली निर्माण नहीं होने से जब भी थोड़ी देर बारिश होती है तो पानी भर जाता है। यहां मकानों के रहने वालों के साथ-साथ राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नपा को चाहिए कि गली निर्माण करें ताकि जो परेशानी आवागमन में हो रही है वो दूर हो।

*विधायक जांबा ने गांव कौल में किया नई सीसी की सड़क का शिलान्यास*

# क्षेत्रवासियों को मिलेगी बेहतर आवागमन सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी विधायक सतपाल जांबा ने बुधवार को गांव कौल के निवासियों को एक बड़ी सौगात देते हुए लगभग 2.1 किलोमीटर लंबी नई सीमेंट कंक्रीट सड़क के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। इसके बन जाने से सुगम आवागमन और विकास को नई गति मिलेगी। सड़क के शिलान्यास का कार्यक्रम गाँव के बस स्टैंड के पास आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद के चेयरमैन कर्मवीर कौल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि यह नई सड़क क्षेत्रवासियों को सुगम और बेहतर आवागमन सुविधा प्रदान करेगी। इसके बन जाने से न केवल यात्रा आरामदायक बनेगी, बल्कि स्थानीय विकास को भी नई गति मिलगी, जिससे किसानों, व्यापारियों सहित सभी आमजन को फायदा होगा। विधायक जांबा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के आशीर्वाद और सहयोग से पूंडरी विधानसभा क्षेत्र विकास की राह पर निरंतर अग्रसर है। सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है और बिना किसी भेदभाव के पूरे क्षेत्र में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचा जा रहा है।



पूंडरी। विधायक सतपाल जांबा सड़क का शुभारंभ करते। फोटो :हरिभूमि

### महत्वपूर्ण कदम

जिप के अध्यक्ष कर्मवीर कौल ने कहा कि लंबे समय से इस सड़क के निर्माण की माँग की जा रही थी, जो अब पूरी होने जा रही है, जिससे गाँव की कनेक्टिविटी में जबरदस्त सुधार आएगा। यह सड़क परियोजना पूंडरी क्षेत्र में चल रहे व्यापक विकास कार्यों की एक और कड़ी है, जो क्षेत्र को आधुनिक बुनियादी सुविधाओं से लैस करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



सीवन। सब्जी मंडी में आढ़तियों और किसानों से मिलते चेयरमैन एवं वाईस चेयरमैन।

### आढ़तियों की समस्याओं के निवारण का आश्वासन

**सीवन।** सीवन मार्केट कमेटी के चेयरमैन शमशेर सैनी खानपुर और वाइस-चेयरमैन विक्रम मुंजाल अंकुर ने मंगलवार को सीवन सब्जी मंडी का दौरा कर आढ़तियों और किसानों से उनकी समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने मंडी परिसर की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया और कहा कि मार्केट कमेटी आढ़तियों व किसानों की सभी आवश्यक सुविधाओं को लेकर गंभीर है। निरीक्षण के दौरान सब्जी मंडी प्रधान पाली सैनी और संजय आहूजा शंटी ने बताया कि धान व गेहूं के सीजन के दौरान मंडी में अनाज की बोरियां रख दी जाती हैं, जिससे सब्जी व्यापारियों को किनारे पर बैठकर व्यापार करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि हर मौसम में खुले आसमान के नीचे सब्जी की बोली लगाना बेहद कठिन होता है। आढ़तियों ने चेयरमैन से मांग की कि सब्जी मंडी में चारदीवारी व पक्के शेड का निर्माण कराया जाए ताकि व्यापार सुचारू ढंग से चल सके। चेयरमैन शमशेर सैनी खानपुर और वाइस-चेयरमैन विक्रम मुंजाल अंकुर ने आढ़तियों को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को प्राथमिकता दी जाएगी। कहा कि सब्जी मंडी में शीघ्र ही चारदीवारी और मजबूत शेड का निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।



**डॉक्टर्स सजेशन**



**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## जब बॉर्डर लाइन पर हो शुगर लेवल



**मेरी उम्र 52 वर्ष है। मेरा ब्लड शुगर लेवल बॉर्डर पर रहता है। मैं अपनी डाइट और लाइफस्टाइल कैसी रखूं, जिससे भविष्य में भी डायबिटीज से बचा रहूं?**

**-नामदेव, डोंगरगढ़**

इसके लिए आपके खान-पान में बदलाव सबसे ज्यादा जरूरी है। खाने में मीठा लेना बिल्कुल बंद कर दें। साथ ही चावल, आलू और मैदा की चीजें खाने से बिल्कुल बचें। तली-भुनी चीज भी कम से कम खाएं। सुबह-शाम नियमित रूप में आधे घंटे एक्सरसाइज करें। एक्सरसाइज ऐसी हो, जिससे आपको पसीना निकले। इस तरह बदलाव करके आपको राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 44 वर्ष है। मैं दो वर्षों से बीपी की दवा ले रहा हूं। लेकिन फिर भी बीपी 90/140 रहता है। क्या यह नॉर्मल है? मुझे क्या करना चाहिए?**

**-विनीत, कुरुक्षेत्र**

वैसे इस बीपी रेंज को आजकल की लाइफस्टाइल में नॉर्मल बोला जाता है, लेकिन यह और कम हो तो ज्यादा बेहतर है। इसके लिए आप खाने में नमक की मात्रा कम करें। साथ ही ऊपर से नमक वाली चीजें जैसे अचार, चटनी, पापड़ खाने से परहेज करें। अधिक तला-भुना और बाहर की डिशेज भी खाना कम कर दें। इस तरह बदलाव से आपको और थोड़ी राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 66 वर्ष है। मुझे दो-तीन महीने से दिन में किसी समय भूख नहीं लगती है। खाना ना खाने से कमजोरी महसूस होने लगी है, प्लीज बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-ओंकार, भोपाल**

भूख क्यों नहीं लगती, आप इस बात पर गौर करें। क्या आपका डाइजेशन सिस्टम ठीक नहीं है? अगर ऐसा है तो आपको पहले अपना डाइजेशन सिस्टम ठीक करना होगा। इसके लिए, खाने में हल्की चीजों के साथ में दही और सलाद लेना होगा। अगर ऐसा नहीं है और भूख कम लगने के साथ सुस्ती भी महसूस होती है तो एक बार आपको डॉक्टर से संपर्क कर जांच करवा लेनी चाहिए।

**मेरी उम्र 39 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरे पेट के निचले हिस्से में हल्का दर्द होता रहता है। खाने के बाद बढ़ जाता है। प्लीज बताएं ऐसा क्यों हो रहा है?**

**-चंदन, बिलासपुर**

आपको किसी डॉक्टर से संपर्क कर पेट का अल्ट्रासाउंड कराना चाहिए, जिससे पता चलेगा कि कारण क्या है? आप बता रहे हैं कि खाने के बाद दर्द निचले हिस्से में होता है। हालांकि कई बार संक्रमण की वजह से भी ऐसा होता है। लेकिन बगैर जांच किए कुछ भी कहना ठीक नहीं है। फिलहाल अधिक ऑयली खाना बिल्कुल बंद कर दें।

**मेरी उम्र 28 वर्ष है। मेरा वजन 90 किलो है। कृपया अपना वेट नॉर्मल करने का कोई कारगर उपाय बताएं।**

**-राजवीर, जबलपुर**

आपका वजन बहुत ज्यादा है। आपको एक बार अपनी बीएमआई यानी बॉडी मास इंडेक्स चेक करा लेना चाहिए। इसके साथ ही खाने-पीने में आपको ध्यान देना चाहिए। अधिक तला-भुना खाना और चावल, आलू, मैदा की चीजों के सेवन से बिल्कुल बचें। रात में हल्का खाना खाएं। कोशिश करें कि गेहूं के आटे की रोटी कम खाएं। इसकी जगह मिलेट्स का आटा खाएं। वह फायदेमंद रहेगा। खाने में फल और सलाद भी शामिल जरूर करें। *

**प्रस्तुति: रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

---

कुछ समय पहले तक कैंसर को लाइलाज बीमारी माना जाता था। लेकिन अब ऐसा नहीं है। समय रहते अगर इसका पता चल जाए तो नई मेडिकल तकनीकों के जरिए पूरी तरह इसका ट्रीटमेंट संभव है। लेकिन इसके लिए अवेयर रहना बहुत जरूरी है। कैंसर अवेयरनेस मंथ (नवंबर) के अवसर पर कैंसर के कारण, उसके लक्षणों, उपचार और बचाव के बारे में यहां एक्सपर्ट डॉक्टर विस्तार से बता रहे हैं।

# बरतें सावधानी-रहें जागरूक संभव है कैंसर से बचाव-उपचार







**डॉक्टर्स एडवाइस**



**डॉ. अशोक कुमार वैद**
चेयरमैन-मेदांता कैंसर इंस्टीट्यूट
मेदांता-दि मेडिसिटी, गुरुग्राम

- *दुनिया भर में होने वाली मौतों में हृदय रोग के बाद, कैंसर दूसरा सबसे बड़ा कारण है।*
- *भारत में हर साल करीब 14 लाख नए कैंसर के मामले सामने आते हैं और लगभग 7.5 लाख लोगों की मृत्यु कैंसर से होती है।*
- *देश में लगभग 80% मरीजों का इलाज तब शुरू होता है, जब रोग तीसरे या चौथे चरण में पहुंच चुका होता है।*

अब वे दिन नहीं रहे, जब कैंसर को मौत की पूर्व चेतावनी माना जाता था। ऐसा इसलिए, क्योंकि पिछले दो दशकों में कैंसर की जांचों और इसके इलाज के क्षेत्र में जो अभूतपूर्व बदलाव हुए हैं, उनके कारण इससे छुटकारा पाने और पुनः स्वस्थ होने की संभावनाएं अतीत की तुलना में अब काफी हद तक बढ़ गई हैं। लेकिन ऐसा तभी हो सकता है, जब लोग इसको लेकर अवेयर रहें।

### क्यों होता है कैंसर

अमेरिकन कैंसर सोसायटी के अनुसार, कैंसर तब होता है जब शरीर की कोशिकाओं के डीएनए में बदलाव आ जाता है। यह बदलाव कोशिकाओं की सामान्य वृद्धि रोक देता है और वे अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं, जिससे ट्यूमर बनता है। धीरे-धीरे यह ट्यूमर आस-पास के ऊतकों या दूसरे अंगों में फैल सकता है।

### लक्षणों पर ध्यान दें

कैंसर के शुरुआती लक्षण इस प्रकार के हो सकते हैं-

- किसी मामूली से घाव या जख्म का लंबे समय तक न भरना।
- बिना किसी बीमारी या वजह के लगातार वजन घटना (6 महीनों में 10% से अधिक)।
- शरीर में किसी भी स्थान पर कोई कठोर या बढ़ती हुई गांठ महसूस होना।
- बिना कारण बार-बार बुखार या खून की कमी (एनीमिया) होना।
- मल या पेशाब में अकसर खून आना।
- लगातार थकान, भूख कम लगना या पेट में भारीपन।
- तिल या मस्से का आकार या रंग बदलना।

इनमें से कोई भी एक या अधिक लक्षण दिखें तो तुरंत डॉक्टर से परामर्श करें।

### जीवनशैली का कैंसर से संबंध

वैज्ञानिकों के अनुसार, सिर्फ 5-10% कैंसर ही आनुवंशिक कारणों से होते हैं। लगभग 30-50% कैंसर को रोका जा सकता है, अगर हम अपनी जीवनशैली की आदतों को सुधारें।

**जंक फूड्स:** अपने खान-पान में संतुलित आहार जैसे साबुत अनाज, दाल, दूध, हरी सब्जियों और मौसमी फलों आदि के स्थान पर जंक फूड्स और पैकेज्ड फूड को लंबे समय तक वरीयता देना कालांतर में पेट के किसी भाग में या फिर बड़ी आंतों (कोलन) के कैंसर के खतरे को बढ़ा देता है।

**धूम्रपान:** धूम्रपान से शरीर में ऐसे तमाम केमिकल्स, फेफड़ों में जाते हैं, जो कालांतर में जींस में गड़बड़ी उत्पन्न कर सकते हैं और यह स्थिति एक अर्से बाद कैंसर का जोखिम बढ़ा देती है। फेफड़ों के कैंसर का एक प्रमुख कारण धूम्रपान है।

**तंबाकू चबाना:** किसी भी रूप में तंबाकू उत्पादों का सेवन मुंह, गाल, जीभ के अलावा गले के कैंसर के जोखिम को बढ़ा देता है।



**शारीरिक श्रम-व्यायाम न करना:** जो लोग अपनी दिनचर्या में शारीरिक श्रम और व्यायाम को नियमित रूप से शामिल नहीं करते, वे कालांतर में मोटापे से ग्रस्त हो जाते हैं। मोटापा कालांतर में कैंसर का एक प्रमुख कारण बन सकता है, क्योंकि यह शरीर की जेनेटिक संरचना और शरीर के कुछ अंगों पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। सिटिंग जॉब या बैठकर काफी समय तक काम करना जैसे कंप्यूटर, लैपटॉप, स्मार्टफोन पर काफी वक्त बिताना आदि स्थितियां कालांतर में मोटापे का कारण बनती है। स्तन, गर्भाशय और बड़ी आंत के कैंसर का एक कारण मोटापा हो सकता है।

**वायु प्रदूषण:** इससे फेफड़ों के कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं। देश के अनेक महानगरों और छोटे नगरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एयर क्वालिटी इंडेक्स) दिनोंदिन खराब होता जा रहा है जिस सूचकांक को 100 के अंदर होना चाहिए वह 300 के पार जा रहा है। यह लोगों के फेफड़ों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। यह स्थिति कालांतर में फेफड़ों के कैंसर के खतरे को बढ़ा देती है।

**शराब का सेवन:** अकसर शराब का सेवन करना, एक वक्त के बाद कैंसर के जोखिम को बढ़ा देता है।

### कैंसर ट्रीटमेंट के तरीके

पिछले दो दशकों में कैंसर के इलाज में जबरदस्त प्रगति हुई है। अब कई प्रकार के कैंसर शुरुआती चरण में पूरी तरह ठीक हो सकते हैं।



**सर्जरी:** ट्यूमर को निकालने के लिए इसे यूज करते हैं।

**कीमोथेरेपी:** नई दवाओं से अब इसके साइड इफेक्ट कम हुए हैं।

**रेडिएशन थेरपी:** अब गामा नाइफ और साइबर नाइफ जैसी आधुनिक तकनीकें मौजूद हैं।

**टारगेटेड थेरपी:** केवल कैंसर कोशिकाओं को निशाना बनाकर नष्ट किया जाता है, स्वस्थ कोशिकाएं सुरक्षित रहती हैं।

**इम्यूनोथेरेपी:** शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत कर कैंसर कोशिकाओं से लड़ने में मदद करती है। अगर पहले या दूसरे चरण में कैंसर का पता चल जाए, तो इन विधियों से लगभग 80% मामलों में सफल इलाज संभव है।

### इन बातों पर दें ध्यान

- ब्रेस्ट कैंसर की रोकथाम के लिए ब्रेस्ट सेल्फ एग्जामिनेशन स्क्रीनिंग और मैमोग्राफी 40 साल की उम्र के बाद साल में एक बार हर महिला को जरूर करवानी चाहिए।
- मुंह के कैंसर की जांच साल में एक बार डॉक्टर से परामर्श लेकर वे लोग अवश्य करवाएं, जो किसी भी रूप में तंबाकू का सेवन या धूम्रपान करते हैं।
- प्रोस्टेट कैंसर (जो पुरुषों में होता है) की जांच के लिए पीएसए नामक ब्लड टेस्ट कराया जाता है। आमतौर पर 65 वर्ष के ऊपर के व्यक्तियों को इस टेस्ट को डॉक्टर के परामर्श से कुछ अंतराल पर कराते रहना चाहिए।
- शरीर में किसी भी स्थान पर और खासतौर पर महिलाओं के ब्रेस्ट्स में गांठ या अन्य प्रकार की असामान्यता महसूस होने पर शीघ्र अपने डॉक्टर से परामर्श लें। इसमें देर करना ट्रीटमेंट के प्रोसेस को बढ़ा सकता है। *

**प्रस्तुति: विवेक शुक्ला**

### कैंसर से जुड़ी गलतफहमियां

कैंसर के बारे में कई मिथ्स प्रचलित हैं। इनकी सच्चाई जानना सभी के लिए जरूरी है।

**मिथक:** कैंसर छूने से फैलता है।
**फैक्ट:** कैंसर कोई संक्रामक रोग नहीं है। यह एक व्यक्ति से दूसरे में नहीं फैलता।
**मिथक:** सर्जरी से कैंसर फैल जाता है।
**फैक्ट:** वैज्ञानिक रूप से यह बिल्कुल गलत है। सर्जरी करवाने से कैंसर नहीं फैलता।
**मिथक:** बच्चों को कैंसर नहीं होता है।
**फैक्ट:** दुर्लभ होते हुए भी बच्चों में भी कैंसर हो सकता है, प्रायः आनुवंशिक कारणों से।
**निष्कर्ष:** कैंसर अब लाइलाज नहीं रहा। समय पर जांच, सही इलाज और स्वस्थ जीवनशैली से इसे हराया जा सकता है।

बचाव के लिए धूम्रपान छोड़ें, नियमित व्यायाम करें, संतुलित आहार लें और स्वास्थ्य जांच को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। सावधानी ही सबसे बड़ी सुरक्षा है।

---

**अवेयरनेस**

स्पेशल: वर्ल्ड इम्यूनाइजेशन डे, 10 नवंबर

जिस तरह बचपन में कई बीमारियों से बचाव के लिए वैक्सीनेशन किया जाता है, उसी तरह मिड एज के बाद और ओल्ड एज के लोगों को भी कुछ बीमारियों से बचने के लिए वैक्सीनेशन जरूर करवाना चाहिए। इस बारे में यूजफुल सजेशंस।

# बच्चों-बड़ों दोनों के लिए जरूरी है इम्यूनाइजेशन

हर साल 10 नवंबर को विश्व टीकाकरण दिवस (वर्ल्ड इम्यूनाइजेशन डे) मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य लोगों को टीकाकरण के महत्व के बारे में जागरूक करना है, ताकि हर व्यक्ति संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित रह सके। आमतौर पर लोग समझते हैं कि टीके सिर्फ बच्चों के लिए जरूरी होते हैं, लेकिन चिकित्सा विशेषज्ञ मानते हैं कि बड़ों और बुजुर्गों को भी कुछ आवश्यक टीके लगवाने चाहिए, जिससे कई गंभीर बीमारियों से बचाव हो सके।

बच्चों को जीवन के शुरूआती वर्षों में जरूरी टीके लगवाना जितना अहम है, उतना ही जरूरी है कि वयस्क और बुजुर्ग भी समय-समय पर अपने टीकाकरण की जांच कराएं। 40 वर्ष की उम्र के बाद शरीर की प्रतिरक्षा क्षमता धीरे-धीरे कमजोर होती जाती है, ऐसे में फ्लू, निमोनिया, टिटनेस, हेपेटाइटिस और शिंगल्स जैसी बीमारियों से बचाव के लिए टीके बहुत फायदेमंद होते हैं।

डॉक्टर्स के अनुसार, बड़ी उम्र के लोगों को कुछ टीके अवश्य लगवाने चाहिए।

### इंफ्लूएंजा (फ्लू) वैक्सीन

इंफ्लूएंजा या फ्लू एक संक्रामक श्वसन रोग है, जो इसके वायरस से होता है। यह वायरस हर साल अपने रूप बदलता रहता है, इसलिए फ्लू वैक्सीन हर साल एक बार लगवाना जरूरी होता है। यह वैक्सीन शरीर में ऐसे एंटीबॉडी बनाती है, जो इस वायरस से बचाव करते हैं। खासतौर पर बुजुर्गों, गर्भवती




महिलाओं, बच्चों, डायबिटीज, हृदय या फेफड़ों के रोगियों के लिए यह टीका बहुत फायदेमंद होता है, क्योंकि इनकी प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। फ्लू वैक्सीन से संक्रमण की संभावना लगभग 40-60 प्रतिशत तक कम हो जाती है और इससे



गंभीर जटिलताओं जैसे निमोनिया का खतरा भी घटता है।

### टिटनेस, डिप्थीरिया, परट्यूसिस (टीडीएपी)

टीडीएपी वैक्सीन एक ऐसा टीका है, जो शरीर को तीन खतरनाक बीमारियों से बचाता है- टिटनेस, डिप्थीरिया और परट्यूसिस (काली खांसी)। इसे हर 10 साल में एक बार लगवाना चाहिए ताकि शरीर की सुरक्षा बनी रहे। टिटनेस अकसर जंग लगे लोहे या गंदी चोट से होने वाला संक्रमण है, जो मांसपेशियों को अकड़ा देता है। डिप्थीरिया गले में झिल्ली बनाकर सांस लेने में परेशानी पैदा कर सकता है, जबकि काली खांसी से कई हफ्तों तक तेज खांसी आती रहती है और फेफड़ों पर असर पड़ता है। यह वैक्सीन सिर्फ बच्चों के लिए नहीं, बल्कि हर वयस्क के लिए जरूरी है। कई लोग सोचते हैं कि टिटनेस का टीका केवल चोट लगने पर लगता है, जबकि सही यह है कि हर 10 साल में टीडीएपी लगवाने से शरीर इन तीनों बीमारियों से लंबे समय तक सुरक्षित रहता है।

### हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन

हेपेटाइटिस-बी एक खतरनाक वायरस जनित बीमारी है, जो हमारे लीवर (यकृत) को नुकसान पहुंचाती है। यह वायरस संक्रमित खून, सुई या असुरक्षित यौन संपर्क के जरिए फैलता है। शुरुआत में इसके लक्षण बहुत हल्के होते हैं, लेकिन समय के साथ यह लीवर इंफेक्शन, सिरोसिस या लीवर कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन इस संक्रमण से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है। इसे आमतौर पर तीन डोज में दिया जाता है। डायबिटीज मरीज और कमजोर इम्यूनिटी वाले बुजुर्ग लोगों को, हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन जरूर लगवानी चाहिए। यह सुरक्षित है और लंबे समय तक लीवर को संक्रमण से बचाती है।

### निमोनिया वैक्सीन

निमोनिया, फेफड़ों का गंभीर संक्रमण है, जो न्यूमोकॉकस नामक बैक्टीरिया के कारण होता है। यह संक्रमण फेफड़ों में सूजन, तेज बुखार, सांस लेने में कठिनाई और सीने में दर्द पैदा करता है। खासतौर पर 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों, कमजोर इम्यूनिटी, डायबिटीज, हृदय रोग या फेफड़ों की बीमारी (जैसे अस्थमा या सीओपीडी) वाले लोगों में इसका खतरा ज्यादा होता है। निमोनिया वैक्सीन शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाकर इस संक्रमण से सुरक्षा देती है। डॉक्टर आमतौर पर दो प्रकार की वैक्सीन की सलाह देते हैं पीसीवी और पीपीएसवी, जिन्हें उम्र और स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार लगाया जाता है।

### शिंगल्स वैक्सीन

शिंगल्स (हरपेस जोस्टर) एक दर्दनाक त्वचा रोग है, जो वेरिसेला-जोस्टर वायरस के कारण होता है। यही वायरस बचपन में होने वाली चेचक (चिकनपॉक्स) का भी कारण होता है। चेचक के ठीक होने के बाद यह वायरस शरीर में लंबे समय तक छिपा रहता है और उम्र बढ़ने या इम्यूनिटी कमजोर होने पर दोबारा सक्रिय होकर शिंगल्स का कारण बनता है। इस बीमारी में शरीर या चेहरे के किसी हिस्से पर दाने, जलन और तेज दर्द होता है, जो कई हफ्तों तक परेशान कर सकता है। शिंगल्स वैक्सीन खासकर 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए बहुत फायदेमंद है। यह शरीर में वायरस की पुनः सक्रियता को रोकने में मदद करती है और अगर संक्रमण हो भी जाए, तो लक्षण हल्के रहते हैं। एक बार लगने वाला यह टीका लंबे समय तक सुरक्षा देता है और बुजुर्गों को दर्द और असुविधा से बचाता है। इस विश्व टीकाकरण दिवस पर संकल्प लें कि टीका केवल बच्चों के लिए नहीं, सबके लिए उपयोगी है। इसलिए बच्चों समेत सभी को वैक्सीनेशन कराना जरूरी है। *

**(अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन डॉ. अली शेर से बातचीत पर आधारित)**

---

**प्रिकॉशन**

**डॉ. विनी कांत**
सीनियर पल्मोनोलॉजिस्ट
अपोलो अस्पताल, दिल्ली

डब्ल्यूएचओ के अनुसार दुनिया भर में बच्चों की मृत्यु का सबसे बड़ा कारण निमोनिया है। विश्व निमोनिया दिवस (12 नवंबर) पर आपको दे रहे हैं इससे जुड़ी जरूरी जानकारियां।

# निमोनिया से ऐसे करें बचाव



निमोनिया सांस से जुड़ी एक गंभीर बीमारी है। जो मौसम बदलने पर सर्दी लगने या वायरस, बैक्टीरिया और फंगस के कारण रेस्पिरेटरी इंफेक्शन के कारण होती है। सेहत का ध्यान न रखने पर सर्दी, जुकाम, बुखार से शुरू होता है और धीरे-धीरे एक या दोनों फेफड़ों को संक्रमित कर निमोनिया का रूप ले लेता है। यह सभी उम्र के लोगों को प्रभावित करता है। कमजोर इम्यूनिटी के कारण पांच साल से कम उम्र के बच्चे निमोनिया का आसानी से शिकार हो जाते हैं।

**क्या है निमोनिया:** कई बार व्यक्ति वातावरण में मौजूद विभिन्न प्रकार के बैक्टीरिया, वायरस या अन्य रोगाणुओं की चपेट में आ जाता है। जो श्वास मार्ग, संक्रमित भोजन, जल या रक्त के माध्यम से अनचाहे ही शरीर में पहुंच कर इंफेक्शन फैलाते हैं और फेफड़ों में निमोनिया की वजह बनते हैं।

इंफेक्शन होने पर फेफड़ों की एल्वियोली थैलियों में सूजन, पानी या कफ जम जाती है। फेफड़े कमजोर हो जाते हैं और अपना काम ठीक तरह से नहीं कर पाते हैं। समुचित उपचार न होने पर इंफेक्शन रक्त-वाहिकाओं में पहुंचने और शरीर के दूसरे अंगों तक फैलने का अंदेशा रहता है, जिसे सेप्सिस कहा जाता है। इससे रेस्पेरेटरी फेल्यॉर हो सकता है और वेंटिलेटर मशीन पर रखने की भी जरूरत पड़ सकती है।

**इन्हें है ज्यादा रिस्क:** ऐसे बच्चों को निमोनिया होने की संभावना ज्यादा होती है, जिन बच्चों का प्री-मैच्योर जन्म होता है। जिन बच्चों का जन्म के समय वजन सामान्य से कम होता है। जिन बच्चों के सांस की नली में रुकावट या दिल में किसी प्रकार का जन्मजात विकार हो। जिस बच्चे को जन्म के समय जरूरी टीके नहीं लग पाए हों। 5 साल से कम उम्र के बच्चे।

**प्रमुख लक्षण:** निमोनिया होने पर बुखार, खांसी, उल्टी आना, कंजेशन होना, सांस लेने में दिक्कत होना, तेज-तेज सांस भरना, पसली चलना, घरघराहट की आवाज आना, बेचैनी और थकावट रहना, असामान्य चिड़चिड़ापन होना, डिहाइड्रेशन होना, भूख न लगना, कमजोरी आना, सुस्त होने या ज्यादा नींद आना, रक्त वाहिकाओं में ऑक्सीजन की कमी की वजह से



त्वचा या नाखूनों की रंगत नीली होना जैसे लक्षण मिलते हैं।

**क्या है उपचार:** मरीज की स्थिति के हिसाब से उपचार किया जाता है। बैक्टीरियल निमोनिया में मरीज को एंटीबायोटिक मेडिसिन दी जाती हैं। अस्पताल में भर्ती कर इंट्रावीनस एंटीबायोटिक मेडिसिन दी जाती हैं। वायरल निमोनिया में बुखार, दर्द, एंटीवायरल मेडिसिन के साथ आराम करने और लिक्विड डाइट ज्यादा लेने की हिदायत दी जाती है। फंगल निमोनिया में एंटीफंगल मेडिसिन दी जाती हैं। गंभीर मामलों में बच्चे को अस्पताल में एडमिट करना पड़ता है।

**संभव है बचाव:** निमोनिया से बचाव के कई तरीके हैं।

- वैक्सीनेशन शेड्यूल को जरूर फॉलो करें। न्यूमोकोकल कंजुगेट वैक्सीन (पीसीवी) और हीमोफिल्स इंफ्लूएंजा टाइप बी (एचआईबी) वैक्सीन निमोनिया से बचाव में प्रभावी है।
- बचपन से ही बच्चे को अच्छी ईटिंग हैबिट्स डालें। घर का बना संतुलित और पोषक आहार दें।
- बदलते मौसम में तापमान में होने वाले उतार-चढ़ाव में ध्यान रखें। ठंड से बचाएं।
- इंफेक्शन से बचाने के लिए बीमार लोगों से दूर रखें।
- व्यक्तिगत स्वच्छता पर ध्यान दें। खांसते हुए अपने मुंह और नाक को ढंक लें। हाथ धोते रहें।
- बच्चे को अधिक भीड़भाड़ या धुएं वाली जगहों पर ले जाने से बचें। *

**प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा**

## खबर संक्षेप

### आईजी शशांक के जन्मदिन पर 33 ने किया रक्तदान

**जींद।** वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी शशांक आनंद के जन्मदिन पर नागरिक अस्पताल जींद के ब्लड बैंक में जोशी समाज सेवा समिति के द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के विशेष सहयोगी राष्ट्रपति अवार्डी सुभाष ढिगाना ने बताया कि बीएसएफ में आईजी शशांक आनंद के जन्मदिन पर प्रति वर्ष जींद में शिविर आयोजित किया जाता है। इसी कड़ी में बुधवार को शिविर में 33 युवाओं ने रक्तदान किया।

### पीजी कालेज में एबीवीपी के अध्यक्ष बने श्रीकांत

**जींद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जींद द्वारा राजकीय कालेज जींद की नई कार्यकारिणी घोषित की गई। जिले के प्रमुख कार्यकर्ताओं ने इस विषय में चिंतन किया और कई बैठकों के बाद श्रीकांत को जींद महाविद्यालय इकाई अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। इकाई मंत्री के लिए आकांक्षा को चुना गया है।

### पोर्टल की तकनीकी खामियों से छात्र परेशान

**जींद।** किसान छात्र एकता संगठन हरियाणा के छात्र नेता नवरत्न ने कहा कि एनएसपी (राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल) पर इस वर्ष लाखों छात्रों के आवेदन नोट इलिजिबल दिखा रहे हैं। जिससे देशभर के छात्र आक्रोशित हैं। यह समस्या विशेष रूप से एससी, बीसी, ओबीसी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों के लिए गहरी चिंता का विषय बन गई है।

### छात्राओं ने युवा उत्सव में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**जींद।** सरला मेमोरियल राजकीय कन्या महाविद्यालय सफीदों की छात्राओं ने जिला युवा उत्सव में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। महाविद्यालय की बीए तृतीय वर्ष की छात्राएं तमन्या, अनिता, मानसी और मनदीप कौर ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में तमन्या ने अपने विचारों की प्रभावशाली अभिव्यक्ति से सबका ध्यान आकर्षित किया।

### एथलीट खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**जींद।** हरियाणा ओलंपिक राज्य खेल में जींद के एथलीट खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन रहा। हरियाणा ओलंपिक राज्य खेल दो से आठ नवंबर तक आयोजित किए जा रहे हैं। तैराकी प्रतियोगिता तीन से पांच नवंबर तक बहादुरगढ़ में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में जींद जिले के तैराकों ने शानदार प्रदर्शन करते कई पदक जीते। जिला खेल अधिकारी रामपाल हुड्डा ने कहा कि 100 मीटर बटरफ्लाई में आदित्य ने रजत हासिल किया।

### देव उठनी एकादशी पर कोई बाल विवाह नहीं

जींद। जींद में जिला बाल विवाह प्रतिनिषेध अधिकारी कार्यालय और एमडीडी ऑफ इंडिया के संयुक्त प्रयासों के नतीजे सामने आ रहे हैं। दोनों की कड़ी मेहनत के कारण जींद में बाल विवाह पर पूरी तरह ब्रेक लगते नजर आ रहे हैं। पिछले कई सालों की बात की जाए तो जींद में देवउठनी एकादशी पर बाल विवाह के मामले सामने आते थे लेकिन इस बार बाल विवाह का कोई भी मामला सामने नही आया।

### संदिग्ध हालात में दो युवतियां लापता, केस

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव मुआना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी घर से गायब हो गई।

### मेधावी छात्रवृत्ति योजना के तहत आवेदन आमंत्रित

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बताया कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अल्पसंख्यक (सेवा) विभाग हरियाणा द्वारा संचालित डॉ. अंबेडकर मेधावी छात्रवृत्ति संशोधित योजना वर्ष 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। छात्र-छात्राएं योजना का लाभ उठाने हेतु आवेदन पत्र 31 जनवरी तक जमा कर सकते हैं।

## प्रथम पातशाही गुरु नानक देव का प्रकाशोत्सव धूमधाम से मनाया

# सोचै सोचि न होवई, जो सोची लखवार चुपै-चुपि न होवई, जे लाई रहालिवतार

### गुरु नानक देव जी ने हर प्राणी को जीवन जीने की राह दिखाई

**गुरुद्वारों में अटूट लंगर में श्रद्धालुओं ने चखा प्रशाद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रथम पातशाही गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव पर बुधवार को शहर के सभी गुरुद्वारों में रखे गए श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठों का भोग डाला गया तथा धार्मिक दीवान सजाए गए। गुरुघर के प्रवक्ता बलविंद्र सिंह ने बताया कि अल सुबह ही शहर के सभी गुरुद्वारों में संगतों ने गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष माथा टेक कर अपने गुरु के जन्मदिन के प्रति अपनी खुशी का इजहार किया तथा गुरु का अटूट लंबर बनाने की सेवा भी की। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी महाराज ने प्रत्येक प्राणी को जीवन जीने की राह दिखाई। उनका त्याग, तप और ज्ञान प्रेरित करता है। उनकी दी हुई शिक्षाएं गुरु ग्रंथ साहिब में मौजूद हैं। श्री गुरु नानक देव ने इक ओंकार का संदेश फैलाया। जिसका अर्थ है एक ईश्वर। जो अपनी हर रचना में वास करता है। दोपहर बाद सभी गुरुद्वारा में गुरु का अटूट लंगर बरताया गया। रागी जत्थों ने किया गुरू की महिमा का बखानः गुरूद्वारा बंदा बहादुर साहिब में हजूरी रागी भाई गुरजीत सिंह के रागी जत्थे द्वारा गुरबाणी कीर्तन गायन किए। सिंह सभा गुरुद्वारा भारत सिनेमा रोड में भाई सतवंत सिंह, भाई रिषिपाल सिंह ने गुरबाणी कीर्तन गायन किया। रेलवे जंक्शन स्थित सिंह सभा गुरूद्वारा में भाई संतोख सिंह व भाई जसवंत सिंह ने गुरुबाणी शब्दों द्वारा गुरु की महिमा का बखान किया व गुरु नानक देव की जीवनी से रूबरू करवाया। वहीं गुरूद्वारा गुरू तेग बहादुर साहिब हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कार्यकारिणी सदस्य सरदार करनैल सिंह निम्नाबाद ने प्रकाशोत्सव पर श्रद्धालुओं को संबांधित किया।



**जींद।** गुरु की महिमा का बखान सुनते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि



**गुहला चीका।** कार्यक्रम की अरदास और शबद कीर्तन की शुरुआत करते।

#### सर्बत दा भला की कामना

**गुहला चीका।** मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल चीका में पहले पातशाह श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव को अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उमंग के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर सुबह से ही गुरबाणी के पावन स्वर और शांति के वातावरण से गूँज उठा। इस शुभ अवसर पर विद्यालय में सुखमनी साहिब पाठ का सुंदर आयोजन किया गया, जिसमें सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने पूरी निष्ठा और श्रद्धा के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्यातमय अरदास और शबद कीर्तन के साथ हुई। गुरु साहिब के दिव्य संदेशों किरत करो, वंड छक्को, नाम जपो (ईमानदारी से कमाओ, बांटकर खाओ, और प्रभु का नाम सिमरते रहो)को विद्यार्थियों के समक्ष प्रेरणादायी रूप में प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य ने विद्यार्थियों को गुरु नानक देव जी के सिद्धांतों पर चलने का संदेश दिया तथा बताया कि गुरु साहिब ने हमेशा सत्य, करुणा, सेवा, समानता और भाईचारे का मार्ग दिखाया। उन्होंने विद्यार्थियों को एक आदर्श समाज निर्माण में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

पूरे कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अध्यात्म, विनम्रता और सेवा भावना का अद्भुत परिचय दिया। पाठ के उपरांत गुरु का प्रसाद भी वितरित किया गया, जिसमें सभी ने समान रूप से भाग लिया और सर्बत दा भला की कामना की।

## गुरु ने भेदभाव न करने का दिया उपदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

आर्य वमावि में श्री गुरु नानक देव जी का जन्मदिन श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के पुराने छात्र अमरजीत सिंह मधोक ने शिरकत की जबकि अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य रघु भूषण लाल ने की। अमरजीत मधोक ने श्री गुरु जी के जीवन पर प्रकाश डालते बताया कि गुरु जी ने किसी भी मनुष्य से धर्म-जाति आदि किसी भी आधार पर भेदभाव न करने का उपदेश दिया क्योंकि उनका मानना था कि सभी मनुष्य एक ही ईश्वर की संतान हैं।



आर्य स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते अमरजीत सिंह मधोक।

#### गुरु नानक देव जी का नाम अमर रहेगा

प्राचार्य रघु भूषण लाल ने उपस्थित विद्यार्थियों को बताया कि सिख धर्म की स्थापना करने के लिए श्री गुरु नानक देव जी का नाम दुनिया के इतिहास में सदा अमर रहेगा। उन्होंने बताया कि आज से 556 वर्ष पूर्व जब श्री गुरु नानक देव जी का जन्म हुआ था तब दुनिया में हिंदू धर्मए यहूदी धर्मए पारसी धर्मए जैन धर्मएबौद्ध धर्मए ईसाई धर्म और मुस्लिम धर्म जैसे बहुत से धर्म प्रचलित थे। जिनके अपने सिद्धांतए मान्यताएं और रीति.रिवाज थे। श्री गुरु नानक देव जी ने सिख धर्म की नींव रखी जिसके आज विश्व में करोड़ों अनुयायी हैं। उन्होंने कहा कि सिख धर्म के सिद्धांतए मान्यताएं और रीति.रिवाज वास्तव में काबिले तारीफ हैं। लंगर प्रथा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि लंगर प्रथा विश्व में एक अद्वितीय प्रथा है जहां राजा और रंक दोनों एक ही पंगत में बैठकर एक जैसा खाना खाते हैं और बड़े.बड़े संपन्न सिख वहां लोगों को अपने हाथों से खाना परोसते हैं।



**कैथल।** भंडारे में प्रसाद लेते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### गुरु पूर्णिमा पर लगाया भंडारा

**कैथल।** माल गोदाम रोड, हनुमान मार्किट, संकट मोचन हनुमान जी की प्रतिमा के पास 13वां भण्डारा कढी चावल का भण्डारे का आयोजन किया गया। भण्डारे का शुभारंभ रमेश सचदेवा खाद वाले ने भगवान हनुमान व सभी देवी देवताओं, जल देवता पर प्रसाद चढाकर किया। आज गुरू पूर्णिमा के अवसर पर मीठे के प्रसाद, केला, कढी चावल का लगभग एक हजार भक्तो ने प्रसाद को ग्रहण किया। यह भण्डारा हनुमान मार्किट के दुकानदारों के सहयोग से लगाया जाता है। स्मरण रहे कि संकट मोचन हनुमान भण्डारा समिति प्रति मास प्रत्येक पूर्णमासी को इस भण्डारे का आयोजन करती है। 14वां भण्डारा 4 दिसंबर को लगाया जायेगा। इस मौके पर अखिल भारतीय हिन्दू महासंघ के अध्यक्ष सतपाल गुप्ता ने बताया कि यह हमारे लिए परम सौभाग्य की बात है कि हम यह आयोजन कर रहे है इस आयोजन से धार्मिक भावनाओं को प्रगति मिलती है अपितू आपस में भाई चारे की भावना भी बढती है। इस भण्डारे में किसी प्रकार की बिना किसी जात पात, ऊंच नीच सभी प्रसाद ग्रहण करते है।

### बायोमैट्रिक मशीन से हाजिरी लगाने में आ रही परेशानी

**जींद।** बायोमैट्रिक मशीन से खिलाड़ियों को हाजिरी लगाने में परेशानी आ रही है। तकनीकी खामियों के चलते मशीन से खिलाड़ियों की हाजिरी अपडेट नहीं हो पा रही है। इससे खिलाड़ी व कोच परेशान हैं। कोच व खिलाड़ियों का कहना है कि बायोमैट्रिक मशीन से हाजिरी लगाने में ज्यादा समय लग जाता है। कई बार सभी खिलाड़ियों की हाजिरी मशीन से लग भी नहीं पाती। जिससे खिलाड़ियों की प्रैक्टिस भी बाधित होती है। ऐसे में जिन खिलाड़ियों की हाजिरी नहीं लग पा रही है, उन्हें हाजिरी अपडेट करवाने को लेकर संशय है। खिलाड़ियों का कहना है कि अगर उनकी हाजिरी अपडेट नहीं होती है तो उन्हें मिलने वाली डाइट राशि पर असर पड़ सकता है। हाजिरी के आधार पर ही डाइट राशि मिलती है। खिलाड़ी को महीने में 22 दिन हाजिरी लगानी अनिवार्य है। खेल विभाग की ओर से बायोमैट्रिक मशीन से माध्यम से हाजिरी लगवाने के निर्देश आए थे।

### "सत नाम वाहेगुरु" के जयघोष गूंजे

**सीवन।** सीवन पब्लिक स्कूल सीवन में प्रथम सिख गुरु और महान संत श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर एक भव्य एवं श्रद्धा से परिपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह समारोह विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रामनिवास शर्मा एवं उप प्रधानाचार्या प्रतिभा शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः काल प्रभात फेरी से हुआ, जो विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर सीवन नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई पुनः विद्यालय में समाप्त हुई। प्रभात फेरी में विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे नगर में "सत नाम वाहेगुरु" के जयघोष गूंजते रहे, जिससे वातावरण भक्तिमय और सकारात्मक ऊर्जा से भर गया। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य अमरेन्द्र सिंह खारा, पवन शर्मा, विवेक गोयल आदि मौजूद रहे।



**राजौंद।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

### देव दिवाली आत्मिक जागृति और प्रकाश का प्रतीक

**सीवन।** सीवन गौशाला में संत छविराम दास ने देव दीपावली और कार्तिक पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिन आत्मिक जागृति और प्रकाश का प्रतीक है। देव दिवाली बाहरी दीप जलाने का नहीं, बल्कि अपने भीतर के अंधकार को मिटाने का पर्व है। जब मनुष्य अपने अहंकार, क्रोध, ईर्ष्या और मोह जैसे दोषों को समाप्त करता है, तभी उसके भीतर सच्चा प्रकाश प्रकट होता है। संत ने कहा कि मान्यताओं के अनुसार देव दिवाली वह क्षण है जब देवता स्वयं पृथ्वी पर उतरकर पुण्यात्माओं को आशीर्वाद देते हैं। कार्तिक पूर्णिमा को की गई तपस्या, दान और सेवा का फल कई गुना अधिक माना गया है। यह दिन यह सिखाता है कि जीवन का उद्देश्य केवल भोग नहीं, बल्कि आत्मा की उन्नति और सृष्टि के कल्याण में निहित है। उन्होंने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा का स्नान, व्रत और दान मनुष्य के दिल को निर्मल बनाते हैं। जिस प्रकार चंद्रमा इस दिन पूर्ण होता है, उसी प्रकार साधक का दिल भी पूर्णता की ओर अग्रसर होता है।



**जींद।** पुलिसकर्मियों के साथ खाना खाते एसपी कुलदीप सिंह।



**सीवन।** आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते स्टाफ सदस्य और स्कूल के बच्चे।

### गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव पर विचार गोष्ठी

**राजौंद।** हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति के सहयोग से गांव तितरम में गुरु नानक देव जी के 556वें प्रकाशोत्सव पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मास्टर बीरमाचंद व मंच संचालन कपिल सिरोही ने किया। मुख्य वक्ता के तौर पर हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति के जिला उपाध्यक्ष अमृत लाल ने अपने संबोधन में गुरु नानक देव जी के जीवन व उनके संघर्षो के बारे में बताया कि गुरु नानक देव जी सिख धर्म के पहले गुरु हुए जिन्होंने समाज में फैले भेदभाव, सामाजिक कुरीतियों, छुआछात, मानवता के लिए समानता, प्रेम और सेवा का संदेश, महिलाओं व पुरुष की समानता पर बल दिया। और कहा कि *सौ क्यों मंदा आखिये जित जमे राजन* अर्थात जो महिला राजा को जन्म दे सकती है आप उसको बुरा कैसे मान सकते है। गुरु नानक ने समाज में लंगर लगाने शुरू किए ताकि सभी धर्मो, पंथों के लोग आपसी भाईचारे के साथ मिलकर रह सके। हमें गुरु नानक जी की वाणियों को अपने जीवन में उतारना चाहिए और समाज में उनकी दी गई शिक्षाओं को सभी लोगों तक पहुंचाने का कार्य करना चाहिए।



**सीवन।** श्रद्धालुओं के साथ संत छविराम दास। फोटो :हरिभूमि

### पुलिस कर्मी संगठन की रीढ़ः एसपी

**जींद।** पुलिस लाइन में रविवार को पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह द्वारा डी लेवल की बैठक का आयोजन किया। बैठक में जिले के सभी थाना प्रबंधक व विभिन्न शाखाओं में नियुक्त पुलिसकर्मियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य पुलिस कर्मियों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित कर समस्याओं, कार्य प्रणाली, फील्ड चुनौतियों व आवश्यकताओं को समझना तथा उनका यथासंभव तुरंत समाधान सुनिश्चित करना था। बैठक के दौरान पुलिस कर्मियों ने अपने-अपने थानों व ड्यूटी क्षेत्रों से संबंधित विषयों को पुलिस अधीक्षक के समक्ष विस्तारपूर्वक रखा। एसपी ने सभी मुद्दों को ध्यानपूर्वक सुन कर संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र निवारण हेतु स्पष्ट व समयबद्ध निर्देश जारी किए। कहा कि पुलिस कर्मी संगठन की रीढ़ हैं। उनकी समस्याओं का तुरंत समाधान और उनका मनोबल उच्च रखना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सिंह, उप पुलिस अधीक्षक सफीदों गौरव शर्मा, उप पुलिस अधीक्षक उचाना संजय कुमार, उप पुलिस अधीक्षक जींद संदीप कुमार व उप पुलिस अधीक्षक नरवाना कमलदीप राणा सहित सभी थाना प्रबंधक व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



**जुलाना।** मंडी में धान को ट्रकों में लोड करते लेबर। फोटो :हरिभूमि

### अनाज मंडी में धान की बंपर आवक

**जुलाना।** अनाज मंडी में इस सीजन धान की बंपर आवक दर्ज की जा रही है। सोमवार को छुट्टी रहने के बाद मंगलवार को भी मंडी में बड़ी मात्रा में धान की आवक रही। मंडी में अबतक कुल पांच लाख 4 हजार 341 क्विंटल धान की आवक हो चुकी है। जो पिछले साल की तुलना में करीब 59 प्रतिशत अधिक है। वहीं केवल मंगलवार को ही 73,452 क्विंटल धान की आवक दर्ज की गई। क्योंकि सोमवार को मंडी में आढ़ती एसोसिएशन ने आवक को बंद रखा था। मंडी धान की अधिक आवक से धान से अट गई थी। इस सीजन में बासमती 1121 की आवक सबसे अधिक रही है। अब तक 3,72,251 क्विंटल बासमती धान मंडी में पहुंच चुकी है। जो पिछले साल की तुलना में 76 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्शाती है। इसके अलावा 1509 किस्म के धान की आवक भी 1,30,860 क्विंटल रही।

## पशुपालन विभाग ने पशुओं को बीमारियों से बचाव को लेकर चलाया टीकाकरण अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

हरियाणा में पशुपालन विभाग ने मुंह-खुर और गलघोटू जैसी संक्रामक बीमारियों के प्रकोप से पशुओं को बचाने के लिए राज्यभर में व्यापक टीकाकरण अभियान शुरू किया है। विभाग की टीम घर-घर जाकर पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण कर रही है। ताकि कोई भी पशु इस गंभीर बीमारी की चपेट में न आए। पशु चिकित्सक डा.पवन बुरा ने बताया कि पशुधन प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। इसे बीमारियों से सुरक्षित रखना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके मद्देनजर विभाग न केवल टीकाकरण कर रहा है बल्कि पशुपालकों में जागरूकता फैलाने के लिए लगातार अभियान भी चला रहा है। गांव-गांव एवं शहरों में किसानों और पशुपालकों को बीमारियों के प्रति सजग किया जा रहा है। नियमित टीकाकरण से पशुओं की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और उत्पादन पर भी सकारात्मक असर पड़ता है। डा.बुरा ने बताया कि मुंह-खुर और गलघोटू बीमारी अत्यंत संक्रामक होती है। तेजी से फैलकर पशुधन को भारी नुकसान पहुंचा सकती है। ऐसे में सभी पशुपालकों से अपील की जा रही है कि वे अपने पशुओं का समय पर टीकाकरण अवश्य कराएं।



**कलायत।** बीमारी की रोकथाम के लिए अभियान चलाते डा.पवन बुरा।



**जींद।** मां भगवती की आरती गाते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### विष्णु महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने दी पूर्णाहुति

**जींद।** आचार्य पवन शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार गंगा की एक बूंद समुंद्र के खारे जल को पवित्र कर देने के लिए पर्याप्त है, उसी प्रकार पुण्य की एक बूंद ही काफी है पापों के सागर को सोख लेने के लिए। आचार्य पवन शर्मा माता वैष्णवी धाम में गत एक मास से चले आ रहे कार्तिक महोत्सव के समापन पर विष्णु महायज्ञ की पूर्णाहुति के अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। के समक्ष अपने वक्तव्य में कहे। समाजसेवी सुनीता शर्मा व अनुराधा भोला ने संयुक्त रूप से महायज्ञ में पूर्णाहुति अर्पित की। आचार्य ने कहा कि भगवान के समक्ष ढेर सारे मंत्रों का जाप करने की जरूरत नहीं है। जरूरत है तो स्वच्छ अंतःकरण व श्रद्धापूरित हृदय की। प्रभु भजन के लिए अनुकूल समय की प्रतीक्षा मत करो। हर क्षण उनको स्मरण करने के लिए अनुकूल है।

### बच्चों ने जागो ग्राहक जागो और सजग ग्राहक को लेकर निकाली जागरूकता रैली

# बच्चों को दी ग्राहक जागरूकता-जिम्मेदारी की सीख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जूनियर रेडक्रॉस (जेआरसी) कैंप के तीसरे दिन बच्चों के सर्वांगीण विकास, सामाजिक चेतना और नैतिक मूल्यों के संवर्धन पर केंद्रित विविध गतिविधियां आयोजित की गईं। इस दिन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में ग्राहक अधिकारों, व्यक्तिगत सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संगठन आयुक्त राजेश वशिष्ठ ने की। बच्चों को ग्राहक जागरूकता विषय पर विस्तार से जानकारी देते कहा कि हर व्यक्ति, चाहे वह किसी भी वर्ग या पेशे से जुड़ा हो, एक ग्राहक होता है। इसलिए ग्राहक का जागरूक होना समाज के आर्थिक और नैतिक संतुलन के लिए अत्यंत आवश्यक है। बताया कि आज के बच्चे कल के नागरिक हैं और यदि वे अभी से अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग रहेंगे तो भविष्य में एक जिम्मेदार समाज का निर्माण संभव होगा। राजेश वशिष्ठ ने बच्चों को समझाया कि किसी भी वस्तु की खरीदारी करते समय उसकी गुणवत्ता, एक्सपायरी डेट, मूल्य और ब्रांड की प्रामाणिकता की जांच अवश्य करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्राहक को अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी पालन करना चाहिए। इस अवसर पर बच्चों ने जागो ग्राहक जागो और सजग ग्राहक, सशक्त समाज जैसे नारों के साथ एक जागरूकता रैली निकाली, जिसमें उन्होंने स्थानीय लोगों को ग्राहक अधिकारों के प्रति जागरूक किया।



**जींद।** रैली को लेकर पोस्टर उठाए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

#### समाज में सेवा की भावना को बढ़ाएं

कार्यक्रम में ऊषा गुप्ता ने बच्चों, विशेषकर बालिकाओं को गुड टच और बैड टच के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बच्चों को अपने शरीर की सुरक्षा के प्रति सजग रहना चाहिए और किसी भी प्रकार की असहजता महसूस होने पर तुरंत अपने माता-पिता, शिक्षकों या विश्वसनीय व्यक्ति को बताना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों का आत्मविश्वास और जागरूकता ही उन्हें किसी भी प्रकार के शोषण से बचा सकती है। कैंप में बच्चों के लिए ड्राइंग, पेंटिंग, भाषण, समूह गान, निबंध लेखन और हरियाणवी सांस्कृतिक प्रस्तुति जैसी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। प्रशिक्षकों ने बताया कि इन गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना, उनमें आत्मविश्वास बढ़ाना और टीम भावना का विकास करना है। इस अवसर पर सरोज कुंडु ने बच्चों को रेडक्रॉस संगठन की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस मानवता, सेवा और सहानुभूति का प्रतीक है। यह संगठन आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार, रक्तदान और समाज सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने बच्चों को प्रेरित किया कि वे भी रेडक्रॉस की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाएं और समाज में सेवा की भावना को आगे बढ़ाएं।



**जींद।** कार्यक्रम में स्मृति चिन्ह देते हुए। फोटो :हरिभूमि

### प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**जींद।** हिन्दू शिक्षा समिति एवं विद्या भारती हरियाणा द्वारा संचालित गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय जींद में लॉर्ड शिवा सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल से आमंत्रित प्रशंसा द्वारा इन हाउस ट्रेनिंग प्रोग्राम का संचालन किया गया। प्रधानाचार्य अजय कौशिक द्वारा प्रशंसा का आतिथेय के साथ परिचय करवाया गया। मंच संचालिका मीनु तायल व कार्यशाला संयोजिका सोनल मल्होत्रा ने ट्रेनर प्रशंसा के सहयोग से शिक्षण गतिविधियों में पूर्ण सहयोग प्रदान किया। प्रशंसा ने शिक्षकों को शिक्षण में महत्वपूर्ण लॉरिन एंडरसन के टेक्सानोमि शैक्षिक सिद्धांत व ब्लूम के वर्गीकरण में संज्ञानात्मक अधिगम के छह स्तरों जिनको स्मरण, समझ, अनुप्रयोग, विश्लेषण, मूल्यांकन और सृजन कहा जाता है। इस प्रश्नमाला से अवगत करवाया गया। कहा कि यह छह स्तरों का वर्गीकरण इस विषय पर केंद्रित है कि शिक्षार्थी सक्रिय रूप से ज्ञान को कैसे निष्पादित करते हैं। इसी संदर्भ में क्रिएटिव थिंकिंग और क्रीटीकल थिंकिंग के आधार पर अपना गोल पूरा हो सके इसके लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सब कालांशों में विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई।

**खबर संक्षेप**

## गांव कौल में योग शिविर का शुभारंभ

**ढांड।** गांव कौल कपिल मुनि तीर्थ के प्रांगण में योग प्रचार्य स्वामी सम्पूर्णानंद जी महाराज, विधायक सतपाल जाम्बा व जिला परिषद चेयरमैन कर्मबीर कौल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर योग शिविर का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर स्वामी सम्पूर्णानंद महाराज ने कहा कि योग शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का मार्ग है। उन्होंने बताया कि यह योग शिविर 4 नवंबर से 12 नवंबर तक चलेगा। उन्होंने कहा सुबह सत्रः 5:00 बजे से 7:30 बजे तक शाम सत्रः 4:00 बजे से 6:30 बजे तक होगा।

## 8 को जाट धन्ना भगत की मूर्ति का अनावरण समारोह

**उचाना।** आगामी आठ नवंबर को अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरूक्षेत्र के मंदिर में संत शिरोमणि जाट धन्ना भगत की मूर्ति अनावरण समारोह आयोजित होगा। प्रधान कृष्ण श्योकंद ने बताया कि मुख्यअतिथि के तौर पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी पहुंचेंगे। महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज का आशीर्वाद भी प्राप्त होगा। विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा पहुंचेंगे। अध्यक्षता गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान करेंगे।

## किशोरी के अपहरण के आरोप में केस दर्ज

**कैथल।** थाना कलायत पुलिस ने एक किशोरी के अपहरण के आरोप में एक महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में कलायत क्षेत्र की एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 4 नवंबर को गांव से उसकी 13 वर्षीय बेटी बिना बताए घर से गायब हो गई। उसने बताया कि 4 नवंबर को उनके घर फोन आया जिससे पता चला कि उसके द्वारा यशिका के मोबाइल से फोन किया था तथा उसने बताया कि वह कलायत में है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि यसिका द्वारा ही उसकी बेटी का अपहरण करवाया गया है। उन्होंने उनके आसपास काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला।

## कवर शैड कब्जा किए जाने पर बिफरी भाकियू

**जींद।** भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक रविवार को गांव राजपुरा भैण के मंदिर में हुई। जिसकी अध्यक्षता सूरज लोहान राजपुरा भैण ने की। भारतीय किसान यूनियन ने बैठक में डीएपी खाद की मांग उठाई। सरकार व जिला प्रशासन ने अपील की कि गेहूं की बिजाई का काम शुरू हो चुका है। इसलिए किसानों को डीएपी खाद समय के अनुसार दिया जाए ताकि किसान गेहूं की बिजाई कर सकें। भारतीय किसान यूनियन ने और अन्य मांग भी किसानों के लिए उठाई।

## मेडिकल चैकअप कैंप में 78 मरीजों की हुई जांच

**नरवाना।** श्री सिद्धि विनायक सेवा समिति द्वारा संचालित जयराम अस्पताल में चल रहे फ्री मैडीकल चैकअप कैंप के दूसरे दिन बुधवार को 78 से अधिक मरीजों की जांच की गई। कैंप में डाण्मोनिका घनघस ने द्वारा ज्यादातर मरीजों के पैरों की ऐंठन भी निकाली। उन्होंने बताया कि कैंप में जोड़ों के दर्दए हड्डियों में कमजोरीए एलर्जी और त्वचा संबंधी समस्याओं से पीड़ित मरीज पहुंचे। डाण्नवदीप घनघस ने भी मरीजों की जांच की। उन्होंने कहा कि शुरुआती जांच और सही इलाज से बड़ी बीमारियों से बचाव संभव है।

## युवक की टांगें तोड़ने के दो आरोपी काबू

**कैथल।** कैथल के गांव खरकां में पंजाब के युवक गुरचरण पर हमला कर उसकी टांगे तोड़ने के मामले में कैथल पुलिस ने दो आरोपियों को काबू किया है। इनमें लालवा जिला पटियाला पंजाब के लवजीत तथा गुरप्रीत उर्फ गग्गू शामिल हैं। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपियों के विधायक से संबंध हैं अथवा नहीं बारे पता लगाने में जुटी है।

इस संबंध में 28 अक्टूबर को पुलिस को दी गई शिकायत में गुरचरण ने कहा कि उसने अपने गांव में विधायक कुलवंत बाजीगर के भाई के सामने सरपंची का चुनाव लड़ा था।

---

### ललित जैन ने ली जिला के अधिकारियों की बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

# ऑनलाइन-ऐप आधारित होगी जनगणना अप्रैल 2026 से शुरू होगा पहला चरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

आगामी जनगणना को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसको लेकर बुधवार को जनगणना संचालन एवं नागरिक पंजीकरण हरियाणा के निदेशक ललित जैन ने लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली, जिसमें उन्होंने जनगणना के सफल संचालन के लिए आवश्यक निर्देश दिए और विस्तृत गाइडलाइन साझा की। इस मौके पर जिले के जनगणना नोडल अधिकारी एवं सीटीएम गुरविंदर सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। निदेशक ललित जैन ने बैठक में अधिकारियों को अवगत कराया कि इस बार की जनगणना पूरी तरह से ऑनलाइन और ऐप आधारित होगी। यह एक बड़ा बदलाव है, जो प्रक्रिया को अधिक कुशल, पारदर्शी और त्वरित बनाएगा। अधिकारियों को नई तकनीक और प्रक्रियाओं को समझने और लागू करने के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया गया है। यह डिजिटल पहल जनगणना के आंकड़ों के संकलन और प्रोसेसिंग में तेजी लाने में सहायक होगी।



**कैथल।** जनगणना संचालन एवं नागरिक पंजीकरण हरियाणा के निदेशक ललित जैन अधिकारियों से बातचीत करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

**ये मौजूद रहे**

निदेशक ललित जैन ने बताया कि सभी तहसीलदार, नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी व सचिव चार्ज ऑफिसर होंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि जनगणना कार्य में लगने वाले सभी कर्मचारियों का व्यापक और गहन प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाए, खासकर ऑनलाइन और ऐप-आधारित डेटा संग्रह पर। विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखा जाए ताकि जनगणना कार्य बिना किसी बाधा के पूरा हो सके। आंकड़ों की सटीकता और गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए विशेष ध्यान दिया जाए। इस अवसर पर जिला सांख्यिकी अधिकारी निर्मल, सुपरवाइजर ज्योति राणा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**अधिकारी जिम्मेदारियां समय पर पूरी करें**

निदेशक ललित जैन ने बताया कि जनगणना का पहला चरण अप्रैल 2026 में शुरू होने की संभावना है। सभी संबंधित विभागों और अधिकारियों इस महत्वपूर्ण चरण के लिए अपनी-अपनी जिम्मेदारियां समय पर पूरी करें। पहले चरण में प्रमुख रूप से मकानों की सूची बनाना और नागरिक रजिस्टर को अपडेट करना शामिल हो सकता है। वहीं दूसरा चरण फ़रवरी-मार्च 2027 से शुरू होगा। जिसमें नागरिक स्वयं भी अपनी जानकारी भर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जनगणना के प्रति जागरूकता और सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सभी जिलों में आई सी ई ( सूचना, संचार और शिक्षा) गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। ये गतिविधियाँ जनता को जनगणना के महत्व, इसके ऑनलाइन और ऐप-आधारित तरीकों और इसमें शामिल होने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी देने पर केंद्रित होंगी। निदेशक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सुनिश्चित करें कि प्रत्येक नागरिक इस राष्ट्रीय कार्य के महत्व को समझे और इसमें सही जानकारी देकर सहयोग करे।

---

# जींद गुरुद्वारे की जमीन पर विवि खोलने की योजना



**जींद।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार करनैल सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

- श्री गुरु नानक देव द्वारा लगाए गए सिखी का पौधा अब बड़ा बना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार करनैल सिंह ने कहा कि जींद गुरुद्वारे की 40 एकड़ जमीन पर लोगों द्वारा कब्जा किया गया था। जिसकी शिकायत भी की गई थी। यह फार्म हाउस का मामला है। इस संबंध में हमारा समझौता भी हो चुका है। यह बहुत ही बेशकीमती जमीन है और वो इस जमीन को बर्बाद नही होने देंगे। अगर जरूरत हुई तो यहां विश्वविद्यालय बनाया जाएगा। इसके लिए अगर और जगह की भी जरूरत हुई तो हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सामने यह मामला रखेंगे। हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार करनैल सिंह बुधवार को गुरूद्वारा तेग बहादुर साहिब में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

**प्रकाशोत्सव धूमधाम से मनाया गया**

सरदार करनैल सिंह ने कहा कि इस जमीन पर मेडिकल कॉलेज बनाया जाना था, जो अब पूरी तरह बर्बाद हो चुका है। वहां के दरवाजे, सब कुछ लोग उखाड़ कर ले गए हैं। वहां पर नजदीक में ही एक यूनिवर्सिटी भी है। उसी के नजदीक वहां पर यूनिवर्सिटी खोली जाएगी। उन्होंने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी ने सीखी का एक पौधा लगाया था। यह पौधा आज बहुत बड़ा हो चुका है। गुरू नानक देव जी की शिक्षाओं को घर-घर तक पहुंचाया जा रहा है। जींद में प्रकाशोत्सव धूमधाम से मनाया गया है और इसके लिए संगतों ने भरपूर साथ दिया है। रविवार को अखंड पाठ साहिब के भोग डाले गए हैं।

---

# एलएनजेपी अस्पताल के ब्लड बैंक में राजेश की स्मृति में लगाया जाएगा रक्तदान शिविर

- मृत्यु के बाद भी दोस्त, रिश्तेदार ही नहीं बल्कि समाज के लोग करते हैं याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

कहते हैं कि उम्र छोटी हो लेकिन समाज के लिए कुछ ऐसा काम कर जाओ; जिससे समाज जाने के बाद भी याद रखे। ऐसे ही थे स्वर्गीय राजेश पंडित। उन्हें मृत्यु के बाद भी दोस्त, रिश्तेदार ही नहीं बल्कि समाज के लोग याद करते हैं। साहित्य अकादमी अवार्डी प्रसिद्ध लेखक डा.केशवानंद ममगाईं के पुत्र स्वर्गीय राजेश पंडित राजू की मृत्यु 48 वर्ष की उम्र में ही हो गई थी। उनकी स्मृति में जन सहयोग संस्था की ओर से वीरवार को जिला मुख्यालय स्थित लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। शिविर का शुभारंभ कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंकज सेतिया करेंगे; वहीं विशिष्ट अतिथि जिला लोक संपर्क एवं सूचना अधिकारी डा. नरेंद्र सिंह रहेंगे।



**समाज के हित में काम करने में पीछे नहीं**

कैथल के पूर्व सिविल सर्जन एवं हृदय-छाती रोग विशेषज्ञ डा.शैलेंद्र ममगाईं शैली ने बताया कि उनका छोटा भाई दोस्तों का दोस्त था। समाज में किसी के लिए काम करने में वह कभी पीछे नहीं रहा। वह उम्र में भले ही छोटा था, लेकिन समाज के प्रतिष्ठित लोग आज भी उसे याद करना नहीं भूलते। उसकी याद में वीरवार छह नवंबर को एलएनजेपी अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। इसके अलावा महंत प्रभातपुरी वरिष्ठ कन्या माध्यमिक विद्यालय में स्वजनों की ओर से पौधारोपण किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में जन सहयोग संस्था के संस्थापक मास्टर जितेंद्र सिंह, ब्रह्मसरोवर तट स्थित प्राचीन श्रीदुर्गा माता एवं राधा कृष्ण मंदिर कमेटी संचालक पंडित तुषार कौशिक की सहभागिता होगी।

---

# पूर्णिमा पर कपिल मुनि धाम में भव्य धार्मिक आयोजन

- हवन एवं भंडारे के संयोजक न्यायाधीश अभिषेक गोयल रिटायर्ड जज ओम प्रकाश व समाजसेवी राकेश गर्ग रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

भारत की सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक परंपराओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कलायत स्थित प्राचीन कपिल मुनि धाम परिसर में पूर्णिमा अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजन हुआ। हवन एवं भंडारे के संयोजक न्यायाधीश अभिषेक गोयल, रिटायर्ड जज ओम प्रकाश गोयल व समाजसेवी राकेश गर्ग रहे। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ कपिल मुनि धाम में जुडऩी शुरू हो गई थी। बड़े-बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे व युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। पूजा-अर्चना के साथ दिनभर धार्मिक भजन व कीर्तन का सिललिसा चला। श्रद्धालुओं ने भगवान कपिल मुनि के चरणों में माथा टेकते हुए विश्व शांति, समाज कल्याण और राष्ट्र की समृद्धि की कामना की। मेले में महिलाएं और बच्चे पहुंचे। उन्होंने पारंपरिक वस्त्र, खिलौने और प्रसाद की खरीदारी कर धार्मिक उल्लास में भागीदारी निभाई। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एकता और सद्भाव के सूत्र में बांधते हैं। आयोजन के दौरान कथा सुनने की परंपरा का निर्वहन पुजारी संजय गौतम और अनिरुद्ध गौतम ने विधि-विधानपूर्वक करवाया। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।



**कलायत।** प्राचीन कपिल मुनि मंदिर में पूजा अर्चना की परंपरा का निर्वहन करवाते पुजारी संजय गौतम। *फोटो : हरिभूमि*

**विचार साझा किए**

हरियाणा नंबरदार एसोसिएशन के प्रांतीय कोषाध्यक्ष संजय सिंगला, विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष वीरभान निर्मल, पार्षद रेणु धानियां, समाजसेवी रवींद्र निर्मल बंटी, अमित बेद, प्रीत जगदेव, प्रदीप राणा, विनोद जेष्ठ, कुलदीप दहिया, बिट्टू शर्मा, प्रकाश रवि गर्ग, जगदीश रायका व अन्य गणमान्य लोगों ने भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक विरासत के संरक्षण पर अपने विचार साझा किए।

---

# वोट चोरी को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर भर में निकाला कैंडल मार्च

- भाजपा तथा चुनाव आयोग कीआपसी मिलीभगत लोकतंत्र के लिए खतरा : रिषीपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वोट चोरी के मुद्दे को लेकर बुधवार शाम को टाउन हाल से रानी तालाब के अंबेडकर चौंक तक कैंडल मार्च निकाला। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। टाउन हाल पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रिषीपाल हैबतपुर ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने साफ कर दिया है कि भाजपा चुनाव आयोग के बीच वोटों को लेकर मिलीभगत है। जिसके बलबूते पर भाजपा अपनी सरकार बनाती आ रही है। सीधे तौर पर भाजपा वोटों की चोरी कर रही है। भाजपा तथा चुनाव आयोग के बीच की वोटों को लेकर मिलीभगत लोकतंत्र के लिए खतरा है। भाजपा विपक्ष की आवाज दबाने के लिए हथकंडे तो पहले ही अपनाती रही है। व्यापारी, आमजन , मजदूर, किसान का शोषण भाजपा करती आ रही है। ओच्छे हथकंडे अपना कर सरकारी एजेंसियों का दुरूपयोग करती रही है। चंद पूंजीपतियों की झोली भाजपा सरकार भरती रही है। अब वोट चोरी ने लोकतंत्र प्रणाली पर ही सवालिया निशान खडा कर दिया है।




**जींद।** कैडल मार्च निकालते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

---

## गुरुकुल से जुड़ी है हमारी प्राचीन संस्कृति

**उचाना।** गुरूकुल खेड़ा के कन्या गुरूकुल में स्वामी गौरक्षानंद सरस्वती के जन्मोत्सव पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि के तौर पर हरियाणा शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. पवन कुमार शर्मा पहुंचे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर ब्लॉक समिति चेयरमैन दिनेश कुमार, समाज सेवी पवन गर्ग ने हिस्सा लिया। स्वामी वजीरानंद महाराज द्वारा हवन किया। यज्ञमान बने रणधीर सुंदरपुरा द्वारा एक लाख 11 हजार रुपये की राशि दान के तौर पर दी।

समाज सेवी पवन गर्ग द्वारा भी एक लाख एक हजार रुपये की राशि दान के तौर पर दी। डा. शर्मा ने कहा कि नारी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए आज से करीब 41 साल पहले स्वामी गौरक्षानंद सरस्वती ने कन्या गुरूकुल की शुरूआत की थी।

---

# सांसद नवीन जिंदल ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर, लोगों ने चेकअप कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

सांसद नवीन जिंदल द्वारा राष्ट्रीय वयो श्री योजना के अंतर्गत ब्लॉक स्तर पर वरिष्ठ नागरिक सहायता शिविरों के आयोजन की बड़ी पहल की गई है। इसके अंतर्गत कलायत खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय में शिविर आयोजित किया गया। इसकी शुरूआत पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा ने ने की। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय ओपी जिंदल ने जन सेवा की जो लौ जलाई थी उसे सांसद नवीन जिंदल बखूबी रोशन कर रहे हैं। इसी सोच को लेकर सांसद जन कल्याण के कार्यों के लिए हमेशा आगे रहते हैं। उनके मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत ब्लॉक स्तर पर वरिष्ठ नागरिक सहायता शिविरों का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य, सम्मान और आत्मनिर्भरता को सशक्त बनाना है। तय कार्ययोजना अनुसार नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा कैथल और गुहला में ये शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। जल्द पुंडरी और राजौंद ब्लॉक में ये शिविर लगाए जाएंगे। शिविरों में केंद्र सरकार की इस योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों को आमंत्रित कर उनकी संपूर्ण स्वास्थ्य जांच की।



**कलायत।** सांसद नवीन जिंदल के माध्यम से आयोजित शिविर की शुरूआत करती पूर्व राज्यमंत्री कमलेश ढांडा। *फोटो : हरिभूमि*

---

### श्रद्धालुओं ने पूजा कर मन्नतें मांगी, भंडारे में लिया प्रसाद

# ऋण मोचन तीर्थ पर कार्तिक मास की गुरु पूर्णिमा पर लगाया भव्य मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन

कार्तिक मास की गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नगर के प्रसिद्ध ऋण मोचन तीर्थ पर बुधवार को भव्य मेला व धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुबह हवन से प्रारंभ हुआ कार्यक्रम मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति के बीच चलने वाला भंडारा और सांस्कृतिक व्यवस्था के साथ दिन भर जारी रहा।

मुख्य कार्यक्रम में पूजन-हवन कराया गया और उसके बाद तीर्थ स्थल पर भंडारे का आयोजन किया गया जहाँ सैकड़ों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे। तीर्थस्थल व आसपास की दुकानों में सजावट की गई थी और मेले में बच्चों के लिए झूले तथा खेल-कूद की व्यवस्था भी की गई थीं, जिनमें बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। श्रद्धालुओं ने बताया कि तीर्थ पर पूजा-स्नान व आराधना के बाद मन से मांगी गई मुरादें पूरी होती हैं। सुभाष गर्ग, सनी, विक्की, राम रतन, नरेंदर, सुरेंदर, सुरेश, विजय, राम कुमार व अन्य श्रद्धालुओं ने कहा कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार सीवन का ऋण मोचन तीर्थ व यमुनानगर के बिलासपुर स्थित कपाल मोचन तीर्थ दोनों भाई हैं और दूर-दूर से लोग इन दोनों स्थानों पर दर्शन व पूजा के लिए आते हैं।





**पांडवों ने भी की थी पूजा**



स्थानीय मान्यता के अनुसार पौराणिक समय में पांडवों ने भी पितृ ऋण मोचन के हेतु इन तीर्थों पर स्नान व पूजा की थी, इस श्रद्धा के चलते इन स्थानों का धार्मिक महत्व और बढ़ जाता है। आयोजन में लगी दुकानों पर महिलाओं व बच्चों ने खरीदारी कर आयोजन का लाभ उठाया। सोनिका, प्रीति, ममता, मोनिका, वीना, शकुन्तला व अन्य महिलाओं ने बताया कि कई लोग इस अवसर पर व्रत रखते हैं तथा घर से लायी गई विशेष सामग्री प्रसाद, फूल व दीप तीर्थ पर अर्पित करते हैं और परिजनों की सलामती की कामना करते हैं। हम हर साल इस अवसर पर तीर्थ आते हैं। यहाँ का माहौल और श्रद्धा का उत्साह अनुपम है लोग अपने परिवार की सुख-शान्ति और समृद्धि के लिए प्रार्थना करते हैं। मेले में भोजन-प्रसाद, दीपदान और मिट्टी से बने कोठड़ी में पूजा के भी दृश्य देखने को मिले। इसके साथ ही निर्माणाधीन माता नैना देवी मंदिर में भी भंडारे का आयोजन किया गया।